## एक नजर में

### धार में अभिभावकों ने कलेक्टर से की स्कूलों का समय परिवर्तित करने की मांग

**मनावर।** जिले में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। चिलचिलाती धूप और तेज तापमान के बीच आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, वहीं सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को झेलनी पड़ रही है। जानकारी के अनुसार धार जिले के मनावर नगर तथा आसपास के ग्रामों में कई निजी और शासकीय विद्यालयों द्वारा अभी भी पुराने समय पर ही स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। भीषण गर्मी के बावजूद विद्यालयों के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जिससे छोटे-छोटे बच्चे तेज धूप में स्कूल आने-जाने को मजबूर हैं। इस स्थिति में बच्चों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। अभिभावकों ने चिंता जताते हुए बताया कि सुबह से ही तेज धूप और लू जैसे हालात बन रहे हैं, ऐसे में बच्चों को स्कूल भेजना जोखिम भरा हो गया है। कई जगहों पर बच्चों के चक्कर आने और थकान की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। निजी स्कूलों में बस से आने जाने वाले बच्चों को तेज धूप में उनके घरों से दूर चौराहों पर ही छोड़ दिया जाता है। बच्चे चिलचिलाती तेज धूप में पैदल अपने घर जाने को मजबूर हो रहे है। जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।अभिभावकों का कहना है कि निजी स्कूलों द्वारा मनमाना शैक्षणिक और वाहन शुल्क वसूला जाता है। मगर उचित व्यवस्था का आभाव है। जो कि अभिभावकों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इधर, बुरहानपुर जिले में प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया है, ताकि बच्चों को गर्मी से राहत मिल सके। लेकिन धार जिले में अब तक प्रशासन की ओर से इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए तत्काल विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया जाए, और बसों से आने जाने वाले बच्चों को बसों से ही उनके घरों तक छोड़ा जाए ताकि बच्चों को भीषण गर्मी में राहत मिल सके और उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### दाताहरि पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम





**कुक्षी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल आयोजित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में नगर के प्रतिष्ठित दाताहरि पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता सिद्ध की है। विद्यालय के सभी संकायों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा.विद्यालय के विद्यार्थियों ने क? परिश्रम से शानदार अंक प्राप्त कर संस्था और अपने परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। जीव विज्ञान संकाय कुमारी प्रियांशी लछेटा ने 95.4त्न अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, कुमारी अंजलि अलावा 94.5त्न अंकों के साथ अग्रणी रहीं। वाणिज्य संकाय कुमारी वैष्णवी वाणी ने 95.4त्न अंकों के साथ परचम लहराया। इनके साथ ही माही वाणी (94.6त्न), भव्या सोनी (93.8त्न), मारिया बोहरा (93.2त्न) और जान्हवी वाणी (91.2त्न) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। गणित संकाय में कुमारी पलाक्षा पाटीदार ने 91त्न अंक अर्जित किए, जबकि हीरल चव्हाण और मोक्षिता ठाकुर ने 90त्न अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर प्राचार्य बी.के. पांडे,दाताहरि पब्लिक संस्थान के अध्यक्ष महेंद्र सेठ गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार गुप्ता, सेक्रेटरी श्री बाबूलाल गुप्ता एवं प्रबंध समिति के अन्य सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियो को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### जनगणना 2027 : तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**सरदारपुर।** जनगणना प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। जिसमें फिल्ड ट्रेनर्स श्री सुरेन्द्र रावत एवं डी.एस. मुजाल्दा के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर चार्ज अधिकारी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री यश्वंत शुक्ला के द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित फिल्ड ट्रेनर्स पर्यवेक्षक एवं प्रगणको से परिचय उपरांत स्वागत अभिवादन कर जनगणना कार्य को एक उत्सव की तरह मनाया जाकर लगन एवं उत्साह से कार्य करने एवं जनगणना पूर्ण रूप ऑनलाईन मोबाईल एप से होना है। जिस हेतु पूर्ण सर्तकता एवं सावधनी भी रखी जाने हेतु सझाया गया। फिल्ड ट्रेनरो के द्वारा पर्यवेक्षको एवं प्रगणनो को प्रोजेक्टर के माध्यम से ऑनलाईन जनगणना के संबंध में बहुत सटीक एवं गंभीरता से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दिनांक 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक स्वगणना हेतु जगणना निदेशालय द्वारा वेब पोर्टल se.census.gov.in के माध्यम से पुछे जाने वाले प्रश्नो का उत्तर प्रविष्ट कर व्यक्ति स्वयं अपनी गणना कर सकते है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा नागरिको से अपील की गई कि दिनांक 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक स्वगणना पोर्टल पर अधिक से अधिक लोग अपनी गणना करे। एवं दिनांक 01 मई से 30 मई 2026 तक प्रगणको द्वारा किये जाने वाले मकान सूची करण कार्य में प्रगणको द्वारा पुछे जाने वाले प्रश्नों का सही-सही जवाब देकर जनगणना उत्सव को सफल बनाएं।

# कड़कड़ घाटी में तेज रफ्तार कार ने दो बाइक सवारों को मारी टक्कर, तीन घायल





**मांडू।** नालछा ब्लॉक के कड़कड़ घाटी हनुमान मंदिर स्थित मोड़ में एक तेज गति से आ रहे कर चालक ने एक के बाद एक दो बाइक को टक्कर मार दी। इसमें दोनों बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए। इनमें एक महिला वह दो पुरुष शामिल हैं। मौके पर पहुंचे 108 एंबुलेंस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी अनुसार सूचना मिलते ही नालछा पुलिस एक्टिव हो गई। थाना प्रभारी कैलाश बारिया ने प्रधान आरक्षक धर्मेश रैकवार को मौके पर टीम के साथ भेजा, यहां पहुंची टीम ने घटनास्थल पर पूरी जानकारी कर जांच की और घायलों को जहां जिला अस्पताल भेजा। 108 एम्बुलेंस वाहन में ग्रामीणों की मदद से पायलट सुधीर कुशवाहा पीएमटी भूपेंद्र रावत के द्वारा तीनों गंभीर घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इनका उपचार किया जा रहा है। प्रधान आरक्षक रैकवार ने जानकारी देते हुए बताया कि पहली प्राथमिकता घायलों को अस्पताल पहुंचाना थी, वह हमने कर दी है। घायलों में अमर सिंह, प्रमिलाबाई और प्रहलाद शामिल है, तीनों का जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। तीनों ग्राम तलवाड़ा व मांडू के बताए जा रहे। घायलों के उपचार के कागजों के बाद अपराध पंजीबद किया जाएगा, एक्सीडेंट वाहन को थाने लाया गया है, जहां कार्रवाई होना बाकी है। जानकारी के अनुसार तेज गति कर चलते हुए नालछा की कड़कड़ घाटी हनुमान मंदिर के मोड में एक के बाद एक दो बाइकों को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर के बाद दोपहिया वाहन बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया वहीं बाइक पर सवार दो महिला वह एक पुरुष दूर जा गिरे हैं जिन्हें ग्रामीणों ने उठाया बताया जाता है तीनों को ही गंभीर रूप से चोट आई थी। 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजादुर्घटना के तुरंत बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने घायलों को संभाला सूचना पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी गई मौके पर तुरंत 108 एंबुलेंस पहुंची और तीनों गंभीर घायलों को जिला चिकित्सालय भेजा है।

# 10वीं की परीक्षा में छात्राओं ने प्राप्त किए 90 प्रतिशत







**नागदा। लोटस इंटरनेशनल स्कूल, सादलपुर ने कक्षा 10वीं के लोटस बोर्ड परीक्षा परिणाम ( सत्र 2025-26 ) में शानदार सफलता प्राप्त करते हुए क्षेत्र में अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का एक बार फिर परिचय दिया है। कठिन परीक्षा स्तर के बावजूद विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।**

**विद्यालय के परिणामों में माही चौहान ने 90 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अक्षरा पाटीदार 83 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं जिनत पटेल 81प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे।**

शेष सभी विद्यार्थियों ने भी प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की, जिससे विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। चुनौतीपूर्ण प्रश्नपत्र के बावजूद विद्यार्थियों ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है इसी क्रम में, विद्यार्थियों ने अपने परीक्षा परिणाम को और बेहतर बनाने हेतु द्वितीय (इम्प्रूवमेंट) बोर्ड परीक्षा की तैयारी भी प्रारंभ कर दी है।

विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विद्यालय प्रबंधन द्वारा एक विशेष घोषणा भी की गई थी। इसके घोषणा के तहत जो विद्यार्थी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करेंगे, उन्हें विद्यालय की ओर से हवाई यात्रा द्वारा गोवा /कश्मीर का भ्रमण कराया जाएगा। विद्यालय के डायरेक्टर श्री जितेंद्र सिंह राजावत, राजेंद्र माहेश्वरी, देवराज प्रजापत एवं आनंद प्रजापत ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को उत्कृष्ट सफलता के लिए शुभकामनाएं दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## समाजसेविका श्रेया मिश्रा ने बच्चों को पहनाई चप्पलें, चेहरों पर लौटी मुस्कान

**मनावर।** भीषण गर्मी और तपती सड़कों के बीच जहां कई गरीब परिवारों के बच्चे बिना चप्पलों के चलने को मजबूर हैं। समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए समाजसेविका श्रेया मिश्रा ने ऐसे बच्चों के पैरों को सुरक्षा देने का सराहनीय कार्य किया है। जगदीशालय वेलफेयर सोसाइटी, इंदौर की डायरेक्टर रश्मि पाटीदार के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश की कोऑर्डिनेटर श्रेया मिश्रा द्वारा जरूरतमंद बच्चों को चप्पलों का वितरण किया जा रहा है।

इस पहल का उद्देश्य उन बच्चों को राहत देना है जो चिलचिलाती धूप में नंगे पांव चलने के कारण पैरों में छाले, जलन और तकलीफ झेलने को मजबूर होते हैं।कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। चप्पल मिलने के बाद बच्चों ने समाजसेविका का आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए बेहद जरूरी हैं।समाजसेविका श्रेया मिश्रा ने बताया कि उनका प्रयास है कि कोई भी बच्चा गरीबी के कारण बुनियादी जरूरतों से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह जरूरतमंदों की मदद के लिए अभियान जारी रहेगा।




## लैपटॉप लाभार्थी विद्यार्थियों का सांदीपनि विद्यालय सरदारपुर में विशेष सम्मान

**सरदारपुर ।** संस्था में कक्षा 12वीं में 75त्न से अधिक प्राप्तांक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को संस्था परिवार की ओर से सर्टिफिकेट एवं स्मृति चिन्ह के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य श्री झबर सिंह पटेल एवं समस्त स्टाफ सदस्यों की ओर से संस्था का गौरव बढ़ाने वाले समस्त विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की।

संस्था में कक्षा 12वीं में लैपटॉप के लिए 23 विद्यार्थी और स्कूटी के लिए दो विद्यार्थी ने नाम दर्ज कराया है। जिसमें करण जर्मन 12वीं (कृषि संकाय) प्राप्तांक 91 .4प्रतिशत छात्रों में स्कूटी लाभार्थी रहा है और कुमारी तनीषा पटेल प्राप्तांक 86त्न (कृषि संकाय) छात्रओ में स्कूटी लाभार्थी रही है। कुमारी प्रांजल गहलोत ने कक्षा दसवीं में 93 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके संस्था में प्रथम स्थान हासिल किया।

# पीएमश्री हायर सेकेंडरी स्कूल में कन्याओं ने मारी बाजी

▶ कक्षा 12वीं में 70 छात्राएं प्रथम श्रेणी में और 10 वीं में 80 छात्राएं प्रथम श्रेणी में आई







**बाकानेर।** बुधवार को कक्षा दसवीं और कक्षा 12वीं का परिणाम घोषित हुआ जिसमें पीएमश्री कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बाकानेर का परिणाम बहुत ही शानदार रहा। कक्षा 12वीं में 90प्रतिशत छात्राएं उतिर्ण रही कक्षा 12वीं में 70 लड़कियां प्रथम श्रेणी में पास होकर एक स्कूटी और 14 लैपटॉप की हकदार बनी?। कक्षा 12वीं की कुमारी शिवानी ओमप्रकाश ठाकुर 90त्न अंक लाकर बाकानेर में प्रथम रही वहीं 13 छात्राओं ने 80त्न प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त कर 12वीं उत्तीर्ण की वहीं कक्षा दसवीं में कुमारी साक्षी दीपक सेन ने 96.8त्न अंक प्राप्त कर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया कक्षा दसवीं में कुमारी रवीना चौहान कुमारी अनिता चौहान ने 90त्न से ऊपर अंक प्राप्त कर बाकानेर का नाम रोशन किया। वही 19 छात्राओंने 80त्न से ऊपर अंक प्राप्त किए तथा 13 छात्राओं ने 75त्न से अधिक अंक प्राप्त किए कक्षा दसवीं में 80 छात्राएं प्रथम श्रेणी में रही। सभी प्रतिभावान छात्रों को गुरुवार को पीएमश्री हायर सेकेंडरी स्कूल में मिठाई खिलाकर पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया। प्राचार्य किरण वास्केल ने कहा कि छात्राओं की कड़ी मेहनत स्कूल का बेहतर अनुशासन नियमित पढ़ाई विद्यालय के सभी शिक्षकों का मार्गदर्शन और मेहनत यही हमारी सफलता की सीढ़ी है मैं सभी छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देती हूं इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

धर्म ▶ रत्नसागर विहार कॉलोनी में सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के छठवें दिन भव्य आयोजन

# शिव महापुराण में श्री गणेश और रिद्धि-सिद्धि विवाहोत्सव की रही धूम

**नागदा ( माकनी )। श्री शिव मंदिर, रत्नसागर विहार कॉलोनी में आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के छठवें दिन आज श्रद्धा और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। कथा व्यास पंडित अनिल शास्त्री जी ( जलोद वाले ) के मुखारविंद से जब भगवान गणेश और रिद्धि-सिद्धि के विवाह का प्रसंग सुनाया गया, तो संपूर्ण पाण्डाल जयकारों से गूंज उठा।**




कथा के दौरान पंडितजी ने गणेश जन्म और उनके विवाह के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगवान गणेश बुद्धि के अधिष्ठाता हैं और रिद्धि-सिद्धि उनके जीवन में शुभ और लाभ का प्रतीक हैं। इस अवसर पर बच्चों द्वारा भगवान गणेश, माता पार्वती और रिद्धि-सिद्धि के स्वरूप में मनमोहक जीवंत झांकी प्रस्तुत की गई, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।शिव महापुराण के अनुसार गणेश विवाह का विशेष वर्णनकथा व्यास पंडित अनिल शास्त्री जी ने शिव महापुराण के रुद्र संहिता के आधार पर बताया कि भगवान गणेश का विवाह किसी साधारण परिस्थिति में नहीं, बल्कि एक दिव्य प्रतियोगिता के बाद संपन्न हुआ था। जब कार्तिकेय और गणेश जी के बीच पहले विवाह करने की प्रतिस्पर्धा हुई, तब शर्त रखी गई कि जो संपूर्ण पृथ्वी की परिक्रमा पहले करेगा, उसका विवाह पहले होगा। कार्तिकेय अपने वाहन मयूर पर निकल पड़े, लेकिन बुद्धि के सागर श्री गणेश ने माता-पिता (शिव-शक्ति) को ही साक्षात ब्रह्मांड मानकर उनकी सात परिक्रमाएँ कीं।गणेश जी की इस भक्ति और बुद्धिमत्ता से प्रसन्न होकर प्रजापति विश्वरूप ने अपनी दो कन्याओं— रिद्धि (बुद्धि/समृद्धि) और सिद्धि (अध्यात्मिक शक्ति/सफलता) का विवाह गणेश जी के साथ संपन्न कराया।

> शिव महापुराण में उल्लेख है कि रिद्धि से शुभ और सिद्धि से लाभ नामक दो पुत्र हुए।पंडितजी ने बताया कि गणेश जी का यह विवाह दर्शाता है कि जहां बुद्धि और विवेक (गणेश) होते हैं, वहीं समृद्धि (रिद्धि) और सफलता (सिद्धि) का वास होता है। कथा के बीच जब विवाह की रस्में शुरू हुईं, तो श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर खुशियां मनाईं। ढोल-मंजीरों की थाप पर भक्त जमकर झूमे।पाण्डाल को विशेष रूप से फूलों और केसरिया ध्वजों से सजाया गया था, जिससे वातावरण पूरी तरह शिवमय हो गया। कल कथा के अंतिम दिन शिव महापुराण की पूर्णाहुति और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजक मण्डल ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।